# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (06.01.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 06.01.2025, PAGE-06

# कश्मीर का देश के सभी हिस्सों से रहा मधुर संबंध : वीसी

- बिहार विवि के सीनेट हॉल में कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम का उद्घाटन
- कश्मीर के 150 छात्र जानेंगे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि के सीनेट हॉल में रविवार को कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम 2024-25 का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में कश्मीर से आए करीब 150 छात्र और उनके शिक्षक शामिल हैं। ये छात्र पांच से दस जनवरी तक बिहार की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित होंगे। नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को 'वतन को जानो' के नारे के साथ आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कश्मीर को भारत का मुकुट बताया। कहा कि कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सदियों मधुर संबंध रहे हैं। हालांकि, कुछ लोगों ने इन संबंधों को खराब करने की कोशिश की, लेकिन देश की मजबूत सांस्कृतिक जड़ों ने ऐसी ताकतों को सफल नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर अब तेजी से देश की मुख्यधारा में शामिल हो रहा है और इसका विकास पूरे देश के विकास के लिए आवश्यक है। प्रो. राय ने कहा कि कश्मीर का विकास भारत के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कहा कि कश्मीर की खुशहाली ही पूरे देश की खुशहाली का सूचक होगी। कश्मीरी युवाओं को बताया कि बिहार के लोग अति स्वाभिमानी होते हैं और वे अपनी संस्कृति व परंपराओं को बड़े ही गर्व के साथ निभाते हैं। उन्हें उम्मीद है कि कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीरी युवा उत्तर बिहार की संस्कृति और इतिहास को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे।



बीआरए बिहार विवि के सीनेट हॉल में रविवार को कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम 2024-25 का उद्घाटन करते वीसी व अन्य।

**Ref:....................** **Date:.........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 06.01.2025, PAGE-06**

# बीआरएबीयू के परीक्षा फॉर्म पर अब छात्रों के भरे जाएंगे जेंडर

- नैड पर डाटा अपलोड करने के लिए विवि ने अपनाई नई व्यवस्था

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि के परीक्षा फॉर्म पर अब विद्यार्थियों के जेंडर का भी कॉलम रहेगा। नैड पर डाटा अपलोड करने के लिए विवि यह तैयारी कर रहा है। विवि में अभी सिर्फ नामांकन वाले फॉर्म पर ही छात्रों का जेंडर भरा जाता है।

नैड के पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा अपलोड करने के लिए यह नई व्यवस्था करने की तैयारी की जा रही है। जेंडर का कॉलम के साथ माता-पिता का नाम भी परीक्षा फॉर्म पर अंकित रहेगा। नए सत्र से परीक्षा फॉर्म पर जेंडर के साथ छात्रों का आधार नंबर लिखने का कॉलम डालने पर भी विचार किया जा रहा है। बिहार विवि ने पिछले दिनों नैड के पोर्टल पर छात्रों का डाटा डालने के लिए सभी कॉलेजों से विद्यार्थियों का डाटा मांगा था। इसमें कॉलेजों से छात्रों का पूरा ब्योरा जिसमें उनके माता-पिता का नाम, आधार नंबर और जेंडर की मांग की गई थी। इसे 25 दिसंबर से पहले सभी कॉलेजों को भेजना था, लेकिन तय तिथि में कई कॉलेजों से डाटा नहीं आ सका। नैड का पोर्टल 31 दिसंबर को बंद हो गया। सूत्रों ने बताया कि फॉर्म पर जेंडर लिखने से नैड पर डाटा अपलोड करने में आसानी होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE :06.01.2025, PAGE-06

# पहले मैच में विश्वविद्यालय को मिली जीत

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में विश्वविद्यालय को एकतरफा मुकाबले में जीत मिली। बीआरएबीयू के मो. एहसान ने एसआरटीएमयूएन महाराष्ट्र के संतोष भाव को हरा दिया। प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी तक होना है। इस वर्ष अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता की मेजबानी गुरुकाशी विश्वविद्यालय पंजाब को दी गई है। विश्वविद्यालय की टीम अपना अगला मैच सोमवार को खेलेगी। यह जानकारी टीम



अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता मे खेलते मो. एहसान सौ. स्वयं

मैनेजर डा. बीके यादव ने दी। बताया कि विश्वविद्यालय की टीम में कुल आठ खिलाड़ी हैं। इसमें मो. एहसान, रामबाबू यादव, कुणाल यादव, अमर यादव, उत्तम कुमार, झूलन पासवान, मोनू कुमार और रवीश कुमार मिश्रा शामिल हैं। वहीं टीम की जीत पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय और स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डा. कांतेश कुमार ने बधाई दी है। डा. कांतेश ने बताया कि टीम प्रतियोगिता में बेहतर करेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 06.01.2025, PAGE-06

# कश्मीर भारत का मुकुट मणि, यह देश के मान-सम्मान का प्रतीक : वीसी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा प्रायोजित एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित युवा विनिमय कार्यक्रम का रविवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सीनेट हाल में उद्घाटन हुआ। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्ण, नेहरू युवा केंद्र के स्टेट हेड एसपी सिंह, एलएस कालेज के प्राचार्य डा. ओपी राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन भाषण में कुलपति ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक धरोहरों का दर्शन करने कश्मीर के अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामुला, बडगाम, श्रीनगर, पुलवामा जिले से आए 132 युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि कश्मीर भारत का मुकुट मणि है। यह देश के मान-सम्मान का प्रतीक है। यह हमेशा चमकते रहे यही हर भारतीय कामना करता है। विशिष्ट अतिथि एलएस कालेज के



युवा विनिमय कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति • जागरण



युवा विनिमय कार्यक्रम के दौरान कुलपति के संबोधन को सुनते कश्मीरी युवा • जागरण

प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि बिहार के लोगों और कश्मीर के लोगों में बहुत सी समानताएं हैं। दोनों ही समाज विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करने और सफल होने की क्षमता रखते हैं। दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने से दोनों को ही फायदा होगा। समारोह में साहित्यकार बासुदेव प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत जिला युवा पदाधिकारी रश्मि सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार ने किया। मौके पर डा. हरिनारायण भारद्वाज, प्रो संजीव मिश्रा, प्रो पुष्पा कुमारी, डा. राजीव कुमार, डा. दिलीप कुमार, डा. शशिकांत पाण्डेय, डा. नवीन कुमार, डा. धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

**एलएस कालेज के ऐतिहासिक महत्व से परिचित हुए कश्मीरी युवा :** अपने छह दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन कश्मीरी युवाओं ने प्राचार्य डा. ओपी राय के मार्गदर्शन में एलएस कालेज का भ्रमण किया और इसके ऐतिहासिक महत्व से परिचित हुए। उन्होंने गांधी कूप से लेकर तारा मंडल तक देखा। महात्मा गांधी के चंपारण आंदोलन से लेकर देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के कालेज के संबंध को जाना।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:06.01.2025, PAGE-06

# नेट की परीक्षा के कारण बदल सकती है पीजी की तिथि

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में यूजीसी नेट की परीक्षा के कारण पीजी के परीक्षा कार्यक्रमों में बदलाव किया जा सकता है। अभी पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है। विश्वविद्यालय की ओर से पिछले दिनों जारी परीक्षा कार्यक्रम और फिर संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आठ जनवरी को हिंदी के पत्र की परीक्षा होनी है। वहीं उसी दिन हिंदी के लिए यूजीसी नेट की परीक्षा होनी है। ऐसे में छात्र-छात्राओं की ओर से परीक्षा की तिथि बदलने की मांग की जा रही है। दूसरी ओर अन्य विषयों के छात्र भी कार्यक्रम में बदलाव की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेट की परीक्षा के कारण तिथियों में बदलाव किया जाएगा। अभी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा भी हो रही है। काफी संख्या में पीजी सेकंड से लेकर फोर्थ सेमेस्टर के छात्र यूजीसी नेट की परीक्षा में शामिल होते हैं। हिंदी जैसे विषयों में हर वर्ष करीब दर्जनों छात्र यूजीसी नेट में सफलता हासिल करते हैं। इस वर्ष की परीक्षा के लिए भी पीजी हिंदी विभाग के शिक्षकों के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने बेहतर तैयारी की है। परीक्षा विभाग के स्तर से परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव की तैयारी है। बताया जा रहा है कि पीजी के बचे हुए पेपरों की परीक्षा जनवरी के आखिरी दिनों में हो सकती है। इसका अब तक कोई आधिकारिक निर्देश जारी नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विषयों के लिए नेट की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:06.01.2025, PAGE-06

# महिला छात्रावास में रुकेंगे बाहरी शोधार्थी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावास में बाहरी शोधार्थियों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। विश्वविद्यालय के पीजी विभागों से लेकर कालेजों में होने वाले विभिन्न सेमिनार से लेकर अन्य कार्यक्रमों में पहुंचने वाले बाहरी प्रतिभागियों को इसमें ठहराया जाएगा। इसके लिए विश्विवद्यालय की ओर से विशेष व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन के स्तर से इसको लेकर सहमति बनी है।

पीजी महिला छात्रावास संख्या दो के निचले फ्लोर को उनके लिए आरक्षित किया जाएगा। आने वाले दिनों में छात्रावास का आवंटन छात्राओं के लिए किया जाना है लेकिन निचला फ्लोर छोड़ कर ही छात्राओं का कमरा दिया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों में दूसरे राज्य या दूसरे विश्वविद्यालयों से पहुंचने वाली महिला प्रतिभागियों को

### विश्वविद्यालय में होने वाले सेमिनार और कार्यक्रमों में पहुंचने वाले प्रतिभागियों के लिए की जाएगी व्यवस्था

ही इसमें ठहराया जाएगा। किसी कार्यक्रम के आयोजन में बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए दो गेस्ट हाउस है लेकिन शोधार्थियों और प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय पहुंचने पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से यह फैसला लिया गया है। दूसरी ओर नए छात्रावास के सुपरिटेंडेंट बनाया जाना है।

जल्द ही किसी शिक्षक को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। पिछले दिनों बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने रिपेयरिंग के बाद पीजी महिला छात्रावास संख्या दो का उद्घाटन किया था। इसमें इस वर्ष छात्राओं के लिए वालीबाल से लेकर बैडमिंटन कोर्ट बनना है। साथ ही छात्राओं के लिए रनिंग ट्रैक भी बनाया जाएगा।

### छात्रावास आवंटन के लिए पहुंच रहीं छात्राएं

विश्वविद्यालय में पीजी छात्रावास की रिपेयरिंग के साथ ही इसके आवंटन के लिए छात्राओं के आवेदन लगातार आ रहे हैं। पिछले दिनों ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए महिला छात्रावास के आवंटन पर रोक लगाई गई थी। अब नए वर्ष के पहले सप्ताह में छात्राओं ने हास्टल आवंटन के लिए आवेदन दिया है। पीजी छात्रावास संख्या दो में कुल 34 कमरे हैं। इसमें 102 छात्राएं रह सकती हैं। हर कमरे में तीन छात्राएं रह सकेंगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:06.01.2025, PAGE-04**

# स्नातक उत्तीर्ण छात्रों को मिलेंगे नौ हजार प्रतिमाह

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों के लिए लागू की योजना
- विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद होगा चयन

बीआरएबीयू समेत देशभर के मान्यताप्राप्त कॉलेजों से स्नातक के परंपरागत कोर्स में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए नेशनल अप्रेंटिसशिप एंड ट्रेनिंग स्कीम (नेट्स) योजना के तहत नौ हजार रुपये प्रतिमाह दिये जाएंगे. एक वर्ष की अवधि तक चयनित छात्राओं को योजना का लाभ मिलेगा. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है.

बताया है कि वर्ष 2020 के बाद बीए, बीएससी, बीबीए, बीसीए और बीकॉम के स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को 12 महीने तक अप्रेंटिसशिप का प्रशिक्षण दिया जाएगा. विद्यार्थियों के पास अंतिम सत्र या सेमेस्टर का अंकपत्र होना अनिवार्य है. 12 महीनों के इस प्रशिक्षण अवधि में विद्यार्थियों को प्रत्येक महीने 9 हजार रुपये दिये जाएंगे.

प्रोत्साहन राशि का आधा भाग केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय व आधा भाग अप्रेंटिसशिप का अवसर देने वाले संस्थान की ओर से डीबीटी के माध्यम से छात्रों को दिया जाएगा. छात्रों और संबंधित प्रतिष्ठानों को नेट्स पोर्टल पर इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा. इसके बाद पैनल की ओर से प्रतिष्ठानों के लिए प्रशिक्षु छात्रों का चयन किया जाएगा.


## सरकारी विभागों में भी छात्रों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

इस योजना के तहत सरकारी शिक्षण संस्थानों के साथ ही अन्य विभागों में भी छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा. राज्य सरकार के सरकारी विभागों, निगमों, समितियों, अर्द्ध सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों, निगमों- कॉरपोरेट संस्थानों और राज्य के निजी प्रतिष्ठानों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए के स्नातक छात्रों को अपरेंटिस के तौर पर नियत अवधि के लिए प्रशिक्षु के तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा. उच्च शिक्षा निदेशक डॉ रेखा कुमारी ने सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है. कहा है कि सभी संस्थानों की ओर से एटपीओ यानी अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर और एएटीपीओ यानी असिस्टेंट अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नामित करते हुए रिपोर्ट दें. इसको लेकर 10 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है. इस स्कीम को शुरू करने के लिए शिक्षण संस्थानों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन कराना होगा.

# बीआरएबीयू टीम ने कुश्ती स्पर्धा में जीत के साथ किया आगाज

**मुजफ्फरपुर.** गुरुकाशी विश्वविद्यालय भटिंडा पंजाब में चल रहे अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में बीआरएबीयू ने जीत के साथ आगाज किया है. रविवार को विश्वविद्यालय के पहलवान मो.एहसान ने एसआरटीएमयूएन महाराष्ट्र के संतोष भाव को हरा दिया. विश्वविद्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का इससे हौसला बढ़ा है. बता दें कि 12 जनवरी तक प्रतियोगिता का आयोजन होना है. सोमवार को विश्वविद्यालय की टीम अपना अगला मुकाबला खेलेगी. यह जानकारी टीम मैनेजर डॉ बीके यादव ने दी.

विवि टीम में मो.एहसान, रामबाबू यादव, कुणाल यादव, अमर यादव, उत्तम कुमार, झूलन पासवान, मोनू कुमार व रवीश मिश्रा शामिल हैं.




नेशनल कुश्ती में पटखनी देते बिहार विवि के पहलवान .

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:06.01.2025, PAGE-04

### विवि. कश्मीर से पहुंचे विद्यार्थियों व शिक्षकों से वीसी ने भेंट में कहा

# कश्मीर है भारत का मुकुट मणि इसके तेज से चमकेगा अपना देश

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम 2024-25 का औचारिक उद्घाटन हुआ. इस कार्यक्रम में कश्मीर से आये लगभग 150 छात्र और उनके शिक्षक 5 से 10 जनवरी तक उत्तर बिहार की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित होंगे. नेहरू युवा केंद्र की ओर से इस कार्यक्रम को वतन को जानो के नारे के साथ आयोजित किया जा रहा है.

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कश्मीर को भारत का मुकुट मणि बताया. कहा कि कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सदियों पुराने मधुर संबंध रहे हैं. हालांकि, कुछ लोगों ने इन संबंधों को खराब करने की कोशिश की गयी, लेकिन देश की मजबूत सांस्कृतिक जड़ों ने ऐसी ताकतों को सफल नहीं होने दिया.

कहा कि कश्मीर अब तेजी से देश की मुख्यधारा में शामिल हो रहा है. इसका विकास पूरे देश के विकास के लिए आवश्यक है. कश्मीर का विकास भारत के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. कश्मीर की खुशहाली ही पूरे देश की खुशहाली की सूचक होगी. कश्मीर भारत का मुकुट मणि है और अगर यह चमकदार और विकसित रहेगा तो पूरा देश चमकेगा.



कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम में मौजूद कुलपति व अन्य शिक्षक.

### बिहार के लोग बड़े ही स्वाभिमानी : कुलपति

कश्मीरी युवाओं को बताया कि बिहार के लोग अति स्वाभिमानी होते हैं. वे अपनी संस्कृति और परंपराओं को बड़े ही गर्व के साथ निभाते हैं. उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीरी युवा उत्तर बिहार की संस्कृति और इतिहास को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे. 10 जनवरी तक हर शाम कॉलेज ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इससे पहले कश्मीरी युवाओं ने पूरे लंगट सिंह कॉलेज का भ्रमण किया तथा कॉलेज की ऐतिहासिक विरासत और अद्भुत स्थापत्य कला को देखकर प्रभावित हुए. सीनेट हॉल कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ अपराजिता कृष्ण, नेहरू युवा केंद्र के स्टेट हेड एसपी सिंह, साहित्यकार बासुदेव प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया.

मुख्य योगदान प्रो पुष्पा, प्रो संजीव मिश्रा, डॉ राजीव, दिलीप कुमार, धीरेंद्र, प्रो शशिकांत व सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ आरती कुमारी ने अहम भूमिका निभायी. अतिथियों का स्वागत जिला युवा पदाधिकारी रश्मि सिंह ने किया. धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार ने किया. मौके पर डॉ हरिनारायण भारद्वाज, प्रो.संजीव मिश्रा, प्रो.पुष्पा कुमारी, डॉ राजीव कुमार, डॉ दिलीप कुमार, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ नवीन कुमार, डॉ धीरेंद्र कुमार, ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे.

### कश्मीरियत दिखी, गीतों में माटी की भीनी खुशबू

आशुतोष और टीम ने कजरी लोकगीत प्रस्तुत किया. नेहा और टीम ने ""आपन बिहार"" पर लोकनृत्य की प्रस्तुति दी. कश्मीर के बडगाम से आई तबस्सुम अख्तर ने गीत गाया. कुपवाड़ा से आए मालिक नसीर ने नृत्य प्रस्तुत किया.

### बिहार और कश्मीर के लोगों में हैं कई समानताएं

विशिष्ट अतिथि लंगट सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय थे उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों और कश्मीर के लोगों में बहुत सी समानताएं हैं. दोनों ही समाज विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करने और सफल होने की क्षमता रखते हैं. प्रो. राय ने आगे कहा कि दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने से दोनों को ही फायदा होगा. प्राचार्य ने बताया है कि कश्मीर से आए युवाओं के लिए लंगट सिंह कॉलेज प्रशासन ने रहने की अच्छी व्यवस्था की है.

# बाहर से आने वाली शोधार्थी महिला छात्रावास में रहेंगी

- पीजी छात्रावास संख्या-2 के निचले तल को बाहरी शोधार्थियों-खिलाड़ियों के लिए किया जाएगा आरक्षित

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से बाहर से शोध के लिए यहां आने वाली छात्राओं के रहने की व्यवस्था की जा रही है. इन शोधार्थियों व विभिन्न कार्यक्रमों में विवि में आने वाली छात्राओं को पीजी महिला छात्रावास में ठहराया जायेगा. पीजी-2 छात्रावास के निचले तल को इन शोधार्थियों और छात्राओं के लिए आरक्षित करने की तैयारी की जा रही है. छात्रावास में इसी अनुसार व्यवस्था की जा रही है. विवि में विभिन्न प्रतियोगिताओं में यहां छात्राएं, खिलाड़ी या महिला टीम की सदस्य भी यहां ठहरेंगी. कार्यक्रम आदि में अतिथियों को गेस्ट हाउस में ठहराया जाता है, लेकिन शोधार्थियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी. ऐसे में उन्हें बाहर व्यवस्था करना होता था. इसको लेकर विवि की ओर से यह व्यवस्था की जा रही है. दूसरी ओर इस छात्रावास के अन्य तलों पर कमरों के आवंटन को लेकर अबतक मिले आवेदनों पर विश्वविद्यालय विचार कर रहा है. इस्ट जोन अंतर विवि महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों को यहां ठहराया गया था. इस कारण नये आवेदनों के आधार पर कमरों का आवंटन नहीं किया गया था. अब शीघ्र इस छात्रावास में कमरों का आवंटन किया जायेगा.

### कई सुविधाएं मिलेंगी

छात्राओं को परिसर में ओपेन जिम से लेकर खेलकूद की भी सुविधाएं महिला छात्रावास परिसर को समृद्ध बनाने के लिए विवि प्रशासन ने योजना बनायी है. इस परिसर में बैडमिंटन व वॉलीबॉल का कोर्ट बनाया जायेगा. साथ ही छात्राओं के स्वास्थ्य को देखते हुए ओपेन जिम की व्यवस्था की जायेगी. अन्य खेलकूद के संसाधन भी उपलब्ध कराये जायेंगे. कुलपति ने छात्रावास के उद्घाटन के समय छात्राओं के समक्ष इसकी घोषणा भी की थी. इस दिशा मे कार्य शुरू हो गया है.

# बदल सकता है पीजी परीक्षा शेड्यूल

**मुजफ्फरपुर.** नेट की परीक्षा के कारण बीआरएबीयू की पीजी की परीक्षा के शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है. पीजी के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया गया है. इसमें शामिल होने वाले दर्जनों छात्र-छात्राएं नेट की परीक्षा में भी शामिल होंगे. आठ जनवरी को हिंदी की परीक्षा है. इसको लेकर परीक्षार्थियों ने परीक्षा शेड्यूल में बदलाव की मांग की है. बता दें कि पीजी की दूसरी परीक्षा के कारण पूर्व में भी इस परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया था, लेकिन इसमें नेट की परीक्षा तिथि का ध्यान नहीं रखा गया.

**Ref:....................** **Date:..........................**

# DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE :06.01.2025, PAGE-05

# एकता व सांस्कृतिक समन्वय मजबूत करेगा युवा विनिमय कार्यक्रम : कुलपति

## राष्ट्र विकास के लिए किया प्रेरित : विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में उद्घाटन समारोह, कश्मीर से 132 युवा आए हैं 6 दिवसीय कार्यक्रम के तहत

सिटीरिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

नेहरू युवा केंद्र मुजफ्फरपुर और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) की ओर से बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में रविवार को कश्मीरी युवा विनिमय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय को मजबूत करने का उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय विकास के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने कहा कि युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों को पहचानते हुए विविधता में एकता को समझना चाहिए। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने मुजफ्फरपुर के शैक्षिक और सांस्कृतिक योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही युवाओं को अपने विचारों और ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया। शिक्षाविद डॉ. बासुदेव प्रसाद ने युवाओं को नई विचारधारा और परस्पर सहयोग के महत्व को समझाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र संगठन पटना के राज्य निदेशक ने की। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला युवा अधिकारी रश्मि सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और कश्मीर व बिहार के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की आवश्यकता पर जानकारी दी। मधुबनी के जिला युवा अधिकारी मनीष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



युवा विनिमय कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति व अन्य अतिथि।

## कश्मीरी युवाओं ने ऐतिहासिक महत्व और परंपराओं को नजदीक से जाना

बिहार की सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले मुजफ्फरपुर में कश्मीरी युवाओं ने पहले दिन रविवार को ऐतिहासिक महत्व के साथ ही परंपराओं को भी करीब से जाना। दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम ने कश्मीर और बिहार की सांस्कृतिक विरासतों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए युवाओं को प्रेरित किया। सुबह के सत्र में लंगट सिंह महाविद्यालय के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया गया। इस भ्रमण में मुख्य योगदान इतिहास विभाग की प्रो. पुष्पा कुमारी, अंग्रेजी विभाग के प्रो. संजीव मिश्रा, डॉ. राजीव कुमार, दिलीप कुमार, धीरेंद्र कुमार और प्रो. शशिकांत का रहा। वहीं, संध्या सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कवयित्री डॉ. आरती कुमारी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को प्रेरित किया। आशुतोष और टीम ने कजरी लोकगीत प्रस्तुत किया। नेहा ने टीम के साथ आपन बिहार पर लोकनृत्य किया। उधर, कश्मीर के बडगाम से आई तबस्सुम अख्तर ने गीत गाया और कुपवाड़ा से आए मालिक नसीर ने नृत्य प्रस्तुत किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE :06.01.2025, PAGE-05**

## युवा महोत्सव के लिए आज रवाना होगी विवि की टीम

मुजफ्फरपुर| ईस्ट जोन युवा महोत्सव में सहभागिता के लिए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की 55 सदस्यीय टीम सोमवार को कोलकाता रवाना होगी। अपराह्न 3 बजे कुलपति अपने आवास के सामने से प्रतिभागियों को रवाना करेंगे। कुल 22 इवेंट के लिए 46 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। इसके साथ ही 9 ऑफिशियल और ट्रेनर भी टीम के साथ जाएंगे। कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय न्यू टाउन में 7 से 13 जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दिसंबर के पहले सप्ताह में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों का चयन कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रविवार को विवि के प्रतिनिधित्व के लिए विभिन्न विधाओं से 46 प्रतिभागियों की फाइनल सूची जारी की गई। युवा महोत्सव में विवि के प्रतिभागी इलोक्यूशन, डिबेट, क्विज, ऑन द स्पॉट, कोलाज, पोस्टर, कार्टूनिंग, इंस्टॉलेशन, स्पॉट फोटोग्राफी, मेहंदी, रंगोली, क्लासिकल वोकल, लाइट वोकल, नॉन परक्यूशन, परक्यूशन, ग्रुप सांग, फोक आर्केस्ट्रा, ग्रुप डांस, क्लासिकल डांस, वन एक्ट प्ले, स्किट, माइम व मिमिक्री में प्रतिभा दिखाएंगे।

**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 06.01.2025, PAGE-05


# बाहर से आने वालीं शोध छात्राएं पीजी गर्ल्स हॉस्टल में ठहरेंगी

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से भविष्य में होने वाले नेशनल-इंटरनेशनल सेमिनार सहित बड़े आयोजनों में बाहर से आने वाली छात्राओं के ठहरने का भी इंतजाम किया जाएगा। इससे दूसरे विश्वविद्यालयों से आने वाली खासकर शोध छात्राओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। पीजी गर्ल्स हॉस्टल-2 के एक फ्लोर को बाहरी शोधार्थियों के आरक्षित रखा जाएगा, जबकि अन्य कमरों को छात्राओं के लिए आवंटित किया जाएगा। पिछले महीने कुलपति प्रो. डीसी राय ने रिपेयरिंग के बाद पीजी गर्ल्स हॉस्टल-2 का उद्घाटन किया था। इसके बाद ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वुमेंस बास्केटबॉल के प्रतिभागियों को इसमें ठहराया गया। अब हॉस्टल खाली हो गया है तो इसके आवंटन को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयार शुरू कर दी गई है। इसमें छात्राओं के लिए जल्द ही वॉलीबॉल से लेकर बैडमिंटन कोर्ट बनाया जाना है। साथ ही छात्राओं के लिए रनिंग ट्रैक भी बनाया जाएगा। छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय की ओर से विशेष व्यवस्था की जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन के स्तर से हॉस्टल आवंटन सहित बाहरी छात्राओं के लिए कमरे आरक्षित रखने को लेकर सहमति बनी है। पीजी हॉस्टल नंबर-2 के ग्राउंड फ्लोर को बाहर से आने वाली छात्राओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। आने वाले दिनों में छात्रावास का आवंटन छात्राओं के लिए किया जाना है